Shri C. Ve. Shanmugam; 'Need to provide hassle free Education Loans to students of Tamil Nadu.' The hon. Member is not present. Shri M. Shanmugam; 'Need to bring a comprehensive legislation for the welfare of domestic workers and to constitute Labour Welfare Boards.' The hon. Member is not present. So, both Shri C. Ve. Shanmugam and Shri M. Shanmugam are not present. *Now,* Shri Mithlesh Kumar; 'Demand for returning the money deposited in Sahara India back to the affected people of the country.'

**Demand for returning the money deposited in Sahara India back to the affected people of the country**

**श्री मिथलेश कुमार** (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान सहारा इंडिया में जमा कराए गए देश के गरीब, मजदूर तथा मध्यमवर्गीय परिवारों को उनकी जमा पूँजी वापस दिलाने के सम्बन्ध में दिलाना चाहता हूँ। वर्षों पहले सहारा इंडिया में पूरे देश के गरीबों और मध्यमवर्गीय लोगों ने, किसी ने बेटी की शादी, किसी ने बच्चों की पढ़ाई तथा किसी ने अपने बुढ़ापे के लिए, भविष्य के लिये अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा निवेश किया था, जिसमें सबसे ज्यादा निवेशक उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य से हैं। इसमें मैच्योरिटी पूरी हो चुकी है, लेकिन अभी तक निवेशकों को उनका पैसा वापस नहीं मिल पाया है, जबकि सहारा इंडिया में जमा कराए निवेशकों के पैसों के 24,000 करोड़ रुपए सेबी के पास जमा हैं। कुछ दिन पहले सरकार की पहल की वजह से लोगों में अपनी जमा-पूँजी पाने की आस जगी थी, लेकिन कुछ ही लोगों को 10,000 रुपए मिल पाए, उसके बाद उसकी चर्चा ही बंद हो गई। बहुत से निवेशक ज्यादा समय हो जाने तथा सहारा इंडिया के एजेंटों की लापरवाही से अपने निवेश किये गए पैसे के पेपर भी गवाँ चुके हैं।

अतः मैं सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहूँगा कि जनहित में सहारा इंडिया में जमा कराए गए देश के गरीब, मजदूर तथा मध्यमवर्गीय परिवारों को उनकी जमा-पूँजी वापस दिलाने की कृपा करें, जिससे उन सभी गरीब परिवारों को राहत मिल सके। मैं सरकार से इस मामले पर गौर करने का आग्रह करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Mithlesh Kumar: Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Rambhai Harjibhai Mokariya (Gujarat), Shri Kesridevsinh Jhala (Gujarta), Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade (Goa), and Shri Sanjay Singh (National Capital Territory of Delhi).

Shri R. Girirajan; to urge the Government to allocate Rs.2,000 crores for planting and restoring Mangrove covers in the coastal areas of Tamil Nadu.